स्पीड न्यूज

## आइडीबीआइ बैंक के जूनियर मैनेजर की सड़क हादसे में मौत

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार की अहले सुबह तीन बजे मिशन अस्पताल के पास बिजली खंभे से एक कार टकरा गयी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान आईडीबीआई बैंक बड़कागांव के जूनियर मैनेजर आदित्य शंकर के रूप में हुई है वह परिवार के साथ साकेतपुरी में रहते थे जानकारी के अनुसार वह अपनी कार से कहीं जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि आदित्य घर का इकलौता चिराग था। बीते एक मई को ही उसकी शादी हुई थी। आदित्य की मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आदित्य के पिता रेलवे में कार्यरत हैं। वह मूल रूप से देवघर के रहनेवाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ा बाजार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## कुजू : धोती साड़ी और लूंगी वितरित



कुजू। सोना-सोबरन-फूलो-झानो योजना के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा उत्तरी पंचायत के शकील अहमद और प्रवीण महिला मंडल जन वितरण प्रणाली के दुकान में लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया। मुखिया ने सरोज कुमारी ने करीब 701 लाभुकों के बीच वितरित योजना के तहत अंग वस्त्र का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि प्रत्येक छः महीने के अंतराल में गरीब परिवारों के बीच धोती, साडी और लूंगी का वितरण किया जाना सराहनीय कार्य है। इससे गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। मौके पर शकील अहमद, आयशा खातून, हमिदुन निशा, शाहीन परवीन, जय लाल महतो, रामचंद्र साहू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## संघर्ष मोर्चा व प्रबंधन के बीच वार्ता



**उरीमारी (रामगढ़)।** उरीमारी परियोजना में गुरूवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा की मांगो को ले सीसीएल प्रबंधन व मोर्चा के बीच वार्ता हुई। वार्ता मे वर्ष 1975 में असवा मौजा के साथ उरीमारी पोटंगा और जरजरा की अधिगृहित भूमि पर चर्चा किया गया। वार्ता मे परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने मोर्चा को आश्वस्त किया कि बकाया भूमि का फाईल बनाकर एक सप्ताह के अंदर हेड क्वार्टर भेजा जायेगा। जिसके बाद आपकी समस्याओं को त्वरित समाधान हो जायेगा। प्रबंधन की बातों पर सहमति जताते हुए मोर्चा ने कहा कि यदि प्रबंधन ने विस्थापितों का एक सप्ताह के अंदर वंचित भूमि का फाईल नही बनाती है, तो ग्रामीण उरीमारी परियोजना का संप्रेषण ठप कर देगा। वार्ता में चरका करमाली, सीताराम किस्कु, कानू मांझी, महादेव बेसरा, कजरू उरांव, दसाराम मांझी, सिगु मांझी, महेश गंझू, जतरू मांझी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अग्रसेन स्कूल में मना शतरंज दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरूवार को इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता हुआ। इसमें बिरसा मुंडा हाउस, मदर टेरेसा हाउस, सीवी रमण हाउस और आरएन टैगोर हाउस के प्रतिभागी शामिल हुए। इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिभागियों ने विपक्षी खिलाड़ी को पराजित करने के लिए शतरंज के दांव-पेंच आजमाए। इससे पूर्व विद्यार्थियों को शतरंज के इतिहास और नियमों की जानकारी दी गई। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि आज के समय में बच्चे वीडियो गेम्स में जुटे रहते हैं, जो उनकी आंखों और दिमाग पर बुरा असर डालता है। हमें बच्चों को शतरंज जैसे खेल के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। शतरंज हेल्दी ब्रेन गेम्स है। यह ब्रेन को क्रिएटिव बनाता है। नए आइडियाज घक्रिएट करने की क्षमता बढ़ती है। इस खेल की कोई समय सीमा नहीं होती, इसलिए यह खेल विपघरीत परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ फैसले लेना सिखाता है।



## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

दारू। प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्य में बताया गया कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची में नए नामों को जोड़ा जाना है। इस कार्य में वैसे युवा जिनका उम्र अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो हो रहा हो उनका नाम जोड़ा जाना है। इस दौरान वैसे लोग जो क्षेत्र को छोड़कर बाहर चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है उनका नाम सूची से भी हटाया जाना है। इस कार्य को लेकर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नाम को जोड़ा जाना है और जिन घरों में वह जाएंगे उन घरों के बाहर एक विशेष स्टीकर लगाया जाना है। इस कार्य के बाद 17 अक्टूबर से 30 नवंबर 2023 दावा और आपत्ति दर्ज किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ सुशिल कुमार राय, प्रशिक्षक जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार राणा, रविंद्र कुमार, उग्रनाम बड़ाईक सहित कई कर्मी व बीएलओ मौजूद थे।

## अनुशासन सिखाता है कराटे :थापा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** फुसरो कयाली स्टेडियम में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में देवरिया निवासी राजेश मुंडा की पुत्री स्मृति मुंडा को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन का प्रमाण-पत्र व बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। ग्रेड्रिग परीक्षा में इंडिया चीफ सिहोन जीवी थापा व सितोरियू कराटे के सचिव राकेश कुमार मौजूद थें। प्रतियोगिता में सफल विद्याथियों को प्रोत्साहित करते हुए सिहोन जीवी थापा ने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट सितोरियो कराटे में 12 वर्षीय छात्रा स्मृति मुंडा कोयलांचल की प्रथम बेटी है जिसको इस उम्र में ब्लैक बेल्ट प्रथम डान के उपाधि से सम्मानित किया गया है। स्मृति मुंडा को सेंसाई कंचन दास पिछले तीन वर्षो कराटे व योग का प्रशिक्षण देकर उसकी प्रतिभा को निखारने में जुटे हैं। स्मृति की सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### मृत युवक के परिजनों से मिले अल्पसंख्यक कल्याण समिति की टीम,कहा

# दोषियों को सजा और परिजनों को मिले मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही के कोनरा हुसैन नगर निवासी मृतक असफाख खान की मां आशिया का रो-रोकर बुरा हाल है।बताते चलें कि दो दिन पूर्व पुलिस हिरासत में एक युवक की मृत्यु हो गयी थी। युवक की पुलिस हिरासत की मौत ने समाज के समक्ष पुलिस की कार्यशैली पर एक प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। युवक की पुलिस हाजत में मौत की खबर ने पूरे इलाके के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

इस बाबत मृतक अशफाक के सरात कार्यक्रम में गुरुवार को अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम, मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, पप्पू खान, अल्पसंख्यक फॉन्डर्स मेंबर समाजसेवी रिजवान अली के अलावा गंगा यमुनी तहजीब को हमेशा कायम रखने वाले समाजसेवी भगवान केशरी के धर्म पत्नी संजू देवी ने मृतक के माँ आसिया खातून को आर्थिक सहयोग किया।

साथ ही उनके पुत्र को इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव मदद का करने की भी बात कही। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम ने कहा कि बरही विधायक उमाशंकर यादव हमेशा गरीबों के मसीहा बनके काम किए हैं। विधायक से मिलकर साथ में अल्पसंख्यक के सभी सदस्य मृतक के माता पिता को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मृतक के परिवार को 50 लाख सहयोग राशि एवं आश्रित को सरकारी नौकरी के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करने का मांग किया। कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लोगों को आये दिन हमेशा जान से मार देने वालों के ऊपर अल्पसंख्यक सेफ्टी एक्ट की मांग की।

मौके पर मो क्यूम, संजू देवी, तौकीर रजा मीडिया प्रभारी, पप्पू खान, रिजवान अली, समाजसेवी जाहिद खान, मो नसीम, शाहिद खान, केशर खान, जावेद खान, मो मौजिम अंसारी, मो रसीद, मो इस्राइल, मो सफीक, मो लतीफ, आशिया खातून, सब्बू खातून, परवीन खातून, बेबी खातून, रहना खातून, असगरी खातून, अफसरी खातून, सब्बि खातून, तब्बू खातून सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ में मिशन इंद्रधनुष का पहला चरण 7 अगस्त से

**शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा, रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस और पोलियो के लिए लगेगा टीका**

### गर्भवती महिलाओं को भी दिया जायेगा टीका : डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** मिशन इंद्रधनुष के तहत गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई।

बैठक में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन से डॉ अमोल ने पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। इस अभियान की शुरूआत सात अगस्त से होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम डिजिटल प्लेटफॉर्म यूवीआईएन पर किया जाएगा। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान समय पर बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण का यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। पहला चरण सात अगस्त से 12 अगस्त तक होगा। इसके बाद दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तक एवं तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा। जिसमें बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा।

उपायुक्त ने बच्चों के नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी है। इसके लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग की तरह कार्य करने एवं समाज कल्याण, शिक्षा, जनसंपर्क सहित अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर मिशन इंद्रधनुष के तहत कार्य करने वाले कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को इसकी मानिटरिंग करते हुए सभी कर्मियों को किए जाने वाले कार्य की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास पांडेय के आइपीएस बनने पर भुरकुंडा में खुशी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के नामी गल्ला व्यवसायी नंदकिशोर पांडेय व गृहिणी माया देवी के पुत्र विकास पांडेय के आईपीएस बनने पर लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाईयां बांटी। भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला के समीप कार्यक्रम हुआ। लोगों ने कहा कि भुरकुंडा के विकास पांडेय का आईपीएस में पदोन्नति होना हमसबों के लिए भी गौरव की बात है। विकास नवयुवको के लिये एक प्रेरणादायक बन गया है। उन्होंने अपनी मेहनत से जेपीएससी की परीक्षा पास कर एसडीपीओ बने। एसडीपीओ पद पर रहते हुए विकास ने रांची, धनबाद, चाईबासा सहित अन्य शहरों में विधि-व्यवस्था को कायम रखने और अपराध को नियंत्रण करने का काम किया। कार्यक्रम के बाद लोगो ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी मनाया। इसके बाद लोगो ने एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, दिलीप अग्रवाल, सरोज कांत झा, विनय मिश्रा, जगतार सिंह, राजकिशोर पांडेय, संतोष मिश्रा, बबन पांडेय, रॉबिन मुखर्जी, सतीश मोहन मिश्रा, विक्कु रजक, शंभु रजवार, रितेश मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, योगेंद्र पाठक, विनय सिंह, अमित शर्मा, बुधन गोस्वामी, गुड्डू पांडेय, राजेंद्र सिंह, सुर्दशन, कुष्णा, पप्पु शर्मा, अंजु ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रेम प्रकाश गुप्ता, बिल्लु अग्रवाल, मंगल सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

## मृतका की मां ने तीन युवकों पर लगाया पुत्री से दुष्कर्म का आरोप

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बीचा में हुई 16 वर्षीय किशोरी मनीषा की संदेहास्पद मौत के मामले में हैरान करने वाला मामला प्रकाश में आया है। मृतका की माता यशोदा देवी ने भदानीनगर ओपी में आवेदन देकर तीन युवकों पर पुत्री से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि 12 जुलाई को मनीषा की मां यशोदा देवी और पिता मदन मोहन सिंह मजदूरी करने रांची गए थे। देर शाम वापस लौटे तो अपनी दोनों बेटियों को घर में नहीं पाकर काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला सका। जब दूसरे दिन दोनों बेटी अनीशा कुमारी और मनीषा कुमारी सुबह 10 बजे घर लौटी तो पूछने पर उन्होंने बताया कि गांव के ही तीन लड़के सुकेश उरांव पिता बीतन उरांव, करण उरांव पिता अजय उरांव और रितेश उरांव पिता सावना उरांव दोनों को जंगल की ओर ले गये। जहां युवकों ने मनीषा के साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही युवकों ने मनीषा का मोबाईल छीन लिया था और दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर जान से मारने धमकी की भी दी थी।

यशोदा देवी ने आवेदन में कहा है कि दुष्कर्म के कारण उनकी पुत्री की मौत हुई है। लोकलाज व बदनामी के कारण शिकायत करने में देरी हुई। यशोदा देवी ने आरोपी युवको पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## घुमकुड़िया भवन का विधायक अंबा प्रसाद ने किया शिलान्यास



**उरीमारी (रामगढ़)।** जरजरा एवं तेतरिया में विधायक मद से बनने वाले घुमकुड़िया भवन का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार को किया। उन्होंने कहा भवन बन जाने से ग्रामीणो को बैठक सहित कई सामाजिक कार्य करने में सुविधा होगी। यह भवन ग्रामीणों के लिए काफी कारगर सिद्ध होगा। मौके पर मुखिया चरका करमाली, रामलाल बेदिया, जगमोहन बेदिया, गिरधारी प्रजापति, रामेश्वर बेदिया, द्वारा ठाकुर, कजरू उरांव, महेश गंझू, सुनिल करमाली, सहदेव मांझी, रविन्द्र बेदिया, जगरनाथ बेदिया, शिवा करमाली, विशेश्वर चैबे, सुरेश महतो, शमशेर आलम, संगीता देवी, चिंता देवी, सोहनी देवी, प्रमिला देवी, फुलनी देवी, राधा देवी, सरीता देवी, सुगनी देवी, झंझीया देवी, लीला देवी, सुनीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## दुर्गा वाहिनी का हुआ विस्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी की प्रखंड विस्तारक बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रखंड स्तरीय दायित्व दिया गया। जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे भारत में हर पंचायत से सभी को परिषद से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। पूरे रामगढ़ जिले के हर पंचायत में पहुंचने का लक्ष्य है जिसे सभी कार्यकर्ता मिल कर पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले कार्यक्रमों की तिथि तय की गई है जिसमे हर हिंदू को साथ लेकर चलने का लक्ष्य है। विस्तारित कमेटी में दिव्या कुमारी प्रखंड संयोजिका सहित स्नेहल शर्मा, विशाखा कुमारी, हिना कुमारी, नैना कुमारी, रेखा सिन्हा, ममता देवी आदि को विभिन्न पद दिया गया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, जिला मंत्री छोटू वर्मा, , कोषाध्यक्ष अभय वर्मा आदि मौजूद थे।

# जेएसपी फाउंडेशन ने टीबी मरीजों को दिया राशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**13 जुलाई को झारखंड सरकार ने जिंदल स्टील को किया था सम्मानित**

बासल(रामगढ़)। टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जेएसपी फाउंडेशन द्वारा पतरातु प्रखंड कार्यालय में टीबी रोगियों के बीच राशन का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया। साथ ही राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पतरातु प्रखण्ड में टीबी रोग के प्रति जनजागरूकता लाकर वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य रखा गया है। ज्ञात हो कि 13 जुलाई को झारखंड सरकार ने जिंदल स्टील द्वारा सीएसआर पहल के अन्तर्गत टीबी मरीजों को दिए जा रहे सहयोग हेतु सम्मानित किया था। रवि निवास ने कहा कि जैसा की अक्सर देखने को मिलता है कि कुछ रोगियों और समुदायों में इस बीमारी को लेकर हीन भावना है और लोग इस बीमारी को कलंक के रूप में देखते हैं। यह भ्रम दूर करना होगा एवं सभी को यह जानकारी होनी चाहिए कि टीबी के कीटाणु हर व्यक्ति के शरीर में मौजूद होते हैं। किसी कारणवश जब किसी व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है तो व्यक्ति में यह रोग दिखता है। इलाज से इस बीमारी से जरूर छुटकारा मिल सकता है। राशन वितरण के दौरान कुमार राहुल, रश्मिता दस, बीरबल बेदिया और स्वास्थ्य विभाग से डॉ नितिन तुलिस्यान और हरेंद्र प्रसाद मौजूद थे।

एक नजर में

## गैर मजरूआ जमीन का हो रहा अतिक्रमण



**बरही।** बरही के तिलैया रोड स्थित तेली टोला में सरकारी रास्ता को भू-माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर विकास कुमार व अन्य द्वारा अंचल कार्यालय, उपायुक्त सहित अन्य जगहों पर आवेदन देकर हो रहे निर्माण कार्य को रोकवाने का अपील किया है। इस बाबत आवेदक के पास अंचल कार्यालय एवं उपायुक्त कार्यालय से कार्य रोकवाने का आदेश पारित किया गया है। आवेदन द्वारा कहा गया है कि भू-माफिया युवराज साव व अन्य के द्वारा गैर मजरूवा आम जमीन रास्ते पर सारे नियम को ताक पर रख कर निर्माण कार्य कर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचल एवं उपायुक्त के कार्यालय के आदेश का उल्लंघन कर युवराज साव व अन्य लोगों द्वारा गैर मजरूवा आम जमीन पर बने रास्ते के ऊपर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सम्बंध में सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने बताया कि मामले का जांच किया जा रहा है।

## बाजार में मोबाइल चोरी करते युवक धराया

**दारू।** दारू प्रखंड के साप्ताहिक झुमरा बाजार से चोरी करते मोबाइल चोर को बाजार में आये ग्रामीणों ने पकड़ा । झुमरा बाजार में हमेशा मोबाइल चोरी की घटना होते रहती है ।मोबाइल चोर ने नाम सोनू कुमार आसनसोल बताया, जिसे बाजार में आये ग्रामीणों ने चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया । जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी धुन कर पिटाई कर दी । सोनू ने बताया कि आसनसोल से भाग कर आया हूँ और पैसे के लिए मोबाईल चोरी कर रहा था । इसकी सूचना दारू पेट्रोलिंग पुलिस को दी गयी । एएसआई नवीन शर्मा ने युवक को अपने कब्जे में लेकर दारू थाना ले आयी । जहां से कागजी प्रकिया के बाद मेडिकल जांच के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल हॉस्पिटल ले जाया गया।

## मूक वधिर पेंशन के लिए लगा रहा बैंक का चक्कर

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ बैंक ऑफ इंडिया शाखा के उपभोक्ता बैंक में हो रहे असुविधा से खासा परेशान है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि सही समय पर बैंक में पासबुक प्रिंट नहीं होता ,आधार लिंक के लिए महिनों तक इंतजार कराया जाता है । पासबुक को आधार से जुड़वाने के लिए बार बार बैंक का चक्कर काटना पड़ता है। खुद के पैसे निकासी के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है । बैंक का सीधा निर्देश है कि 10 हजार से अधिक की राशि की निकासी हीं बैंक से होगा इससे कम की राशि की निकासी के लिए मिनी बैंक सिएसपी भेज दिया जाता है। लिहाजा आधार लिंक और ई-केवाईसी के बगैर उपभोक्ताओ के खाते से राशि की निकासी नहीं हो पाती है। दूर दराज से बैंक आने वाले बुजुर्ग महिला पुरुष हर दिन बैंक से बैरंग हताश और निराश लौटने को मजबूर है। अलपिटो के राहुल नामक युवक बताया कि बैंक ऑफ इंडिया विष्णुगढ़ शाखा में मेरा खाता है। स्कॉलरशिप का पैसा मेरे खाते में आया है पर केवाईसी अपडेट नहीं होने से राशि नहीं निकल रहा है, जबकी युवक को कॉलेज में एडमिशन लेना है। चलनिया नावाडीह के मुक बधिर युवक संजय राम पिता सीबू भूईया अपने पेंशन की राशि निकासी के लिए महिनों से परेशान है। बैंक साथ आई माँ ने कह कि आधार लिंक के लिए बैंक को कई बार आवेदन दिया गया है पर दो माह हो गए लिंक नहीं हुवा इस सम्बन्ध में बैंक कर्मी ने बतया की केवाईसी के अधिक फार्म जमा है स्टॉफ की कमी है, लगे हुवें हैं वहीं पासबुक प्रिंट के लिए बारकोड़ दी जा रही है जिससे प्रिंटिंग का कार्य आसान हो जायेगा ।

## मौसम की बेरुखी से सूख रहे हैं बिचड़े

**विष्णुगढ़।** मानसून की बेरुखी ने किसानों के चिंता को बढ़ा दिया है । बारिस के सभी नक्षत्र वर्षा फेल हो चूका है। जिससे खेती किसानी में लगे किसान परेशान हैं किसी तरह तो जहां तहा खेतो बीज बो दी गई है लेकिन वह भी पानी के अभाव में सूख रहे हैं। जैसे धान के बीज सुख रहा है वैसे वैसे किसानों के हलक भी सूख रहे हैं। खेतों में दरारें देख किसानों के आगे अंधेरा का चादर सा बीछ गया है । एक तरफ बिचड़ों को बचाने की जद्दोजहद चल रही है तो वहीं दूसरी और अगर किसी तरह बिचड़े बचते भी हैं तो पुष्ट नहीं होंगे। जीसका सीधा असर धान के उत्पादन कम होंगे जीसका प्रतिफल चावल के दाम आसमान छुने की संभावना जताई जा रही है अच्छी उत्पादकता के लिये किसानों ने धान के महंगे बीज खरीदे थे, मगर वर्षा की बेरुखी की वजह से किसान मरते बिचड़े को देखकर खून के आंसू रो रहे हैं। सावन के महीने में धान की रोपाई समाप्त होने के कगार पर होती थी पर इसबार बारिश की कमी के कारण अभीतक इलाके के ज्यादातर किसान खेतों में बीज नहीं डाल पाये हैं। मामले पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि जून से जुलाई महीने तक अच्छी फसल के लिए तकरीबन 280 से 300 मिलीमीटर वर्षा होना चाहिए था लेकिन अभी तक जून में 91.8 व जुलाई 20 तक 41.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है वहीं कृषि पदाधिकारी ने कहा कि 65 सौ हेक्टेयर में धान के फसल के उत्पादन का लक्ष्य था लेकिन बारिश की बेरुखी से अभी तक जीरो प्रतिशत है ।

## मृतक के परिजनों से मिला केशरवानी समाज के लोग



हजारीबाग। शहर के सिरसी मनिवासी केसरी समाज के दो युवक ( दोनों सगे भाई) संतोष केशरी व दीपक केशरी की मौत बाबा धाम देवघर से लौटने के क्रम में बगोदर के पास सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। ये दोनों अपने घर के कमाऊ सदस्य थे। इनकी मौत के बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रामगढ केशरवानी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष किशोरी लाल केसरी के अगुवाई में मृतक के परिजनों से मिल घटना पर शोक व्यक्त कियो अध्यक्ष ने कहा कि मृतक के परिजनों को हर संभव समाज की और से मदद दी जाएगी बच्चो के पढाई लिखाई में दिक्कत न हो इसको लेकर भी वे बहुत जल्द हजारीबाग उपायुक्त से मिलेंगे और इस परिवार की मदद के लिए उनसे गुजारिश करेंगे इस दौरान परिजनों को प्रतिनिधिमंडल द्वारा 20 हजार रुपये दिया गया। मौके पर संजय, अर्जुन, उमेश, कासी, बिनोद, सुनील, मदन, संतोष , अमित, तपेश, पिंटू, मिंटू समेत कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**दारू।** राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय दारु बालक के शिक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ लगे यौन शोषण व छेड़छाड़ के आरोप वह इस मामले में दारू थाना में मामला दर्ज होने के बाद शिक्षा विभाग में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को चिट्ठी लिखकर इस मामले की जांच करने का आदेश दिया था इस मामले की जांच के बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रतिवेदन थाने में दर्ज एफ आई आर के आधार पर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की अनुशंसा की है ।

# स्पीड न्यूज

## कुकी समुदाय की महिला के साथ अमानवीय घटना पर कार्रवाई की मांग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने राष्ट्रपति के नाम बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला को एक पत्र सौंपकर मणिपुर में कुकी समुदाय की महिला के साथ हुई अमानवीय घटना पर कार्रवाई की मांग की है। दिए पत्र में आमिर हयात ने कहा है की मणिपुर में कुछ दिन पहले कुकी समुदाय की महिला के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। वह देश की आत्मा को झकझोर देने वाली घटना है। ऐसी घटना जो किसी औरत के लिए जिंदगी भर के लिए दाग लगाने वाली घटना है। इस घटना महिलाओं की आबरू ही नहीं बल्कि हमारे देश की आबरू लूटी एवं हत्या की गई है। मणिपुर में लगातार जिस तरह मैतारी और कुकी जनजाति एक दूसरे की जान ले रहे हैं। घर बस्ती जलाई जा रही है। पूरा मणिपुर धू-धू कर जल रहा है पत्र के माध्यम से आमिर हयात ने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा है कि आप एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के नाते हम सभी आपसे अपेक्षा करते हैं कि कुकी समुदाय महिलाओं के साथ जो घटना हुई है उस पर कार्यवाही करें।

## शिक्षक बढ़ाने के लिए ग्रामीणों ने बीआरसी को सौंपा आवेदन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सबसे अंतिम छोर वाले बालूभाँग पंचायत के राजकीय उमवि हेरनहोपा मे शिक्षक बढ़ाने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने नाम ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बिनोद कुमार यादव, सुकुल गंझु, प्रदीप, आशीष, सुनीता, मनीषा, रितेश यादव, बासदेव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की हेरनहोपा चतरा जिला के सीमांत पर है। जहाँ अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी के लोग निवास करते हैं। विद्यालय मे 150 छात्र-छात्रा नामांकित है और इस सत्र मे नामांकन बढ़ रहा है। प्रतिदिन 60 से 70 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति रहती है। विद्यालय मे तीन शिक्षक का स्थान सृजित है। जिसमे एक शिक्षक शम्भू पासवान 30 जून को सेवानृवित हो गए। विद्यालय मे मात्र एक शिक्षक शेष बचे हुए हैं। एक शिक्षक के भरोसे शिक्षण कार्य करना सम्भव नहीं है। एक शिक्षक को पठन-पाठन कार्य के अलावे विभागीय अन्य विभागीय कार्य को भी कराया जाता है। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर प्रभाव पड़ रहा है। हेरनहोपा के आसपास कोई और अन्य विद्यालय भी नहीं है। ग्रामीणों ने कम से कम दो शिक्षक को स्थापन करने की मांग की है।

## आजसू प्रखंड अध्यक्ष बनाए गए ललन तूरी, कुंदन को मिली सचिव की कमान

**बरवाडीह।** गुरुवार को आजसू पार्टी की बैठक सामुदायिक भवन में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित आजसू पार्टी के लातेहार जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने बरवाडीह प्रखण्ड कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का पुनर्गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से ललन तूरी को बरवाडीह को बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष और सचिव कुंदन कुमार को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष विजय सिंह के साथ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मकसूद आलम को बनाया गया। जहां जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित पार्टी के पदाधिकारियों का स्वागत फूलमाला पहना कर किया। इस मौके पर उन्होंने बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायत कमिटी का गठन 15 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया। मौके पर बरवाडीह पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव, अशोक कुमार, ललन यादव, रामानंदन सिंह, विजय सिंह, अशोक कु सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार और संजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य में शांति बहाली के लिए राष्ट्रपति करें हस्तक्षेप: असगर

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मणिपूर में लगातार दो माह से अधिक समय से जारी हिंसा पर चिंता जताया है। कहा है कि मणिपूर राज्य में दो माह से अधिक समय से जारी हिंसा को रोकने में केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार पुरी तरह विफल रही है, इस लिए उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपूर में तत्काल शांति बहाली के लिए कदम उठाने की मांग की है। आगे कहा है कि मणिपुर से आ रही हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की तस्वीरें दिल दहला देने वाली है। मणिपुर में पुरुषों के समूह के द्वारा घरों और सड़कों पर तांडव कर रहे हैं, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है, उनके साथ शर्मसार करने वाली घटनाएं लगातार हो रही है। केंद्र में सत्तारूढ मोदी सरकार तमाशबीन है। मणिपूर की भयावह हिंसा की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, समाज में हिंसा का सबसे ज्यादा दंश महिलाओं और बच्चों को झेलना पड़ता है।

## नाबालिक युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मनसिंघा का ग्राम में बालूमाथ पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर नाबालिक युवती से छेड़छाड़ करने के आरोपी मोहम्मद आजाद पिता मोहम्मद मोइन ग्राम मनसिंघा मुरपा थानां बालूमाथ को गिरफ्तार कर लातेहर जेल भेज दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बिशुनपुर ग्राम की एक 15 वर्षीय नाबालिक युवती साइकिल से ट्यूशन पढ़ाने मुरपा आ रही थी। इसी बीच मारंग लोइयां जंगल मे मोहम्मद आजाद 10 रुपये का अंगूठी खरीद कर उसे देने के बहाने जंगल की ओर ले गया और वहां युवती से छेड़छाड़ करने लगा। युवती द्वारा शोर मचाए जाने के बाद आसपास के ग्रामीण इकठ्ठा हो गए ।तब तक युवक फरार हो गया। यूवती के बयान पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 98 /23 धारा 354, 354अ,354इ पोस्को अधिनियम 8 एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है।

# भाकपा माओवादियों ने पांच लोगों को जमकर पीटा, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** जिले के नेतरहाट थाना क्षेत्र के दवना और पुरानडीह गांव में बीती रात भाकपा माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। इलाके में माओवादी लगभग पांच घंटे तक जमे रहे। माओवादियों ने इस दौरान पांच लोगों की जमकर पिटाई की। वहीं गांव के रहने वाले देव कुमार प्रजापति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।



मौत के बाद मौजूद ग्रामीण

**हाथ-पैर बांधकर की दो घंटे तक पिटाई :** बताया जाता है कि देव कुमार प्रजापति को नक्सली पकड़कर गांव के स्कूल के पास लाए और उसके हाथ और पैरों को रस्सी से बांध दिया। उसके बाद 2 घंटे तक उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। पिटाई के कारण देव कुमार प्रजापति की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। बाद में परिजनों के द्वारा काफी मनाने के बाद नक्सलियों ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया।

लेकिन घर ले जाने के क्रम में ही घायल देव कुमार प्रजापति की मौत हो गई। इधर मृतक की पत्नी ने बताया कि देर रात हथियारबंद नक्सली घर पहुंचे थे और जबरदस्ती देव कुमार प्रजापति को पकड़ कर ले जाने लगे। जब वे लोग उनके पीछे जाने लगे तो उन्हें आने से मना कर दिया गया।

नक्सली डंडा लेकर उन्हें भगाने लगे, बाद में पिटाई से उनके पति की मौत हो गई। घर की दीवार पर लिखा नक्सली नारा: माओवादियों ने इस दौरान ग्रामीणों के घर के दीवारों पर भाकपा माओवादी समर्थित कई नारे भी लिखे हैं। दीवार लेखन के माध्यम से नक्सलियों ने ग्रामीणों को मुखबिरी बंद करने की चेतावनी दी है और ग्रामीणों की मूल समस्या तथा पलायन के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने की अपील की है। बताया जाता है कि माओवादियों ने ग्रामीणों की पिटाई मुखबिरी का आरोप लगाकर ही की गयी है।

### घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

नेतरहाट में नक्सली हिंसा की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गई है। महुआडांड़ के एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। नक्सलियों के खिलाफ पूरे इलाके को सील कर छापामारी अभियान भी तेज कर दिया गया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री डॉ.उरांव का किया स्वागत, सौंपा आवेदन

# असली रैयतों को हक दिलाने की मांग

जगलदगा में एनएच 75 के समीप आदिवासियों की जमीन को गलत कागजात बनाकर खरीद बिक्री किए जाने पर रोक लगाने की भी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव मेदिनीनगर से रांची जाने के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लातेहार परिसदन में गुलदस्ता देकर स्वागत कर ज्ञापन सौंपा है। वहीं स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर तुलेश्वर उरांव, जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान मंत्री श्री उरांव को विभिन्न संगठनों और लोगों के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें आदिवासियों से जुड़ी और स्थानीय समस्याएं प्रमुख थे। मांग पत्र में जिला के सभी प्रखंडों के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक, पहनाई, बैगाई एवं पूजैर, बेलगान जमीन को अंचल कार्यालयों द्वारा दाखिल खारिज कराया जा रहा है और उन्हें बेदखल किया जा रहा है। इसे रोक लगाने, विभिन्न कंपनियों के द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन अनाधिकृत रूप से लिया जा रहा है। उस पर रोक लगाने की मांग की गई है। वहीं दस अक्टुबर 2022 को आदिवासियों पर हुए मुकदमे को वापस लेने, गिरफ्तार आदिवासियों को बेशर्त रिहा करने, लातेहार जिला अंतर्गत हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी को सुधारने हेतु मिनी सर्वे कराने, कंपनियों में स्थानीय आदिवासियों को 75% रोजगार दिलाने समेत लातेहार प्रखंड के जगलदगा में एनएच 75 के समीप आदिवासियों की जमीन को गलत कागजात बनाकर खरीद बिक्री किए जाने पर रोक लगाने और असली रैयतों को हक दिलाने का मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में लातेहार जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव, बालूमाथ पड़हा दीवान रामलाल भगत, रामदयाल उरांव, हेरहंज प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामवृक्ष गंझू, बारियातू प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, रमेश उरांव, शन्तु उरांव, ऐश्वर उरांव, जीतू उरांव, आशीष आदि शामिल थे।



मंत्री से मुलाकात करते कांग्रेस कार्यकर्ता

# गृह मंत्री का पुतला दहन



पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार व जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के निदेर्शानुसार बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता साजन कुमार के नेतृत्व में लातेहार समाहार न्यायालय के समक्ष गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। भाजपा शासित राज्य मणिपुर में इस बात से सभी लोग अवगत है कि किस प्रकार पूरा मणिपुर राज्य पिछले ढाई महीना से जाति हिंसा की आग में जल रहा है। इसके बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के अमित शाह मुक दर्शक बनी हुई है तथा अब तक मणिपुर में चल रही जाति हिंसा को रोकने में पूर्णता नाकाम रही है। इस मौके पर पंकज तिवारी, सलाम अंसारी, लाडले खान, प्रिंस गुप्ता, अमित कुमार यादव, सुरेंद्र उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, संतोष रजक, इमरान अंसारी, विजेंद्र उरांव, साजिद अंसारी, ज्योति प्रकाश दुबे, सर्कस उरांव, आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## निबंधन नहीं कराने वाले चार संस्थान को नोटिस

**निबंधन नहीं कराने पर 25,000/- से 1,00,000/- रूपये तक का वसूला जायेगा जुर्माना: संतोष**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पहाड़ी ढाबा, फैमिली ट्री रेस्टुरेंट, साहू मोटर्स लातेहार व सर्व श्री बलराम स्टोन माइंस बारियातू को नोटिस जारी कर जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा अपने संस्थान का जल्द से जल्द निबंधन करवा लें। निबंधन जिला नियोजन कार्यालय आकर या ऑनलाईन पार्टल पर निबंधन करवा सकते है। लेकिन ऑनलाईन पोर्टल पर ऑनलाईन कराने के बाद ऑनलाईन कराने का पावती कार्यालय में जमा कर दें। ज्ञात हो कि झारखंड राज्य के नीजि क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत निबंधन नहीं कराने वाले संस्थान के खिलाफ 25,000/- रूपया से 1,00,000/- एक लाख रूपया तक का जुर्माना वसूला जायेगा साथ ही जुर्माना देने के बाद भी निबंधन नहीं कराते है तो प्रतिदिन 2000/- रूपया जुर्माना लिया जायेगा। श्री कुमार ने आगे कहा कि जिले के वैसे संस्थान जहां 10 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे है वो जल्द से जल्द निबंधन करवा लें अन्यथा नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस अधिनियम के तहत कारखानों, उद्योगों एवं बड़े संस्थान में कुल रिक्त के 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन प्रदान करना है। जिससे स्थानीय लोगों का पलायन नहीं हो और उनके अपने स्थान पर काम मिल सकें।



जानकारी देते जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार

# मुखिया ने किया जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण

- स्कूल में चल रहे भवन निर्माण की गुणवत्ता पर उठाया सवाल, कहा निम्न स्तर का हो रहा है निर्माण कार्य
- उच्च अधिकारियों से की जाएगी निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते मुखिया

**चंदवा।** प्रखण्ड के जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी व झामुमो जिला उपाध्यक्ष सीतामोहन मुंडा ने गुरुवार को पंचायत के दौरे के क्रम में जस्टिस एल.पी.एन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था, छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या, कमरे आदि की जानकारी ली। इस दौरान विद्यार्थियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही बच्चों के द्वारा जो बातें रखी गयी उस पर पहल करने का भी भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान ही मुखिया ने विद्यालय प्रांगण में चल रहे भवन निर्माण का भी जायजा लिया। इस क्रम में निर्माण कार्य मे अनियमितता देख भड़क गई व इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों के करने की भी बात कही। विद्यालय में क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं, अगर निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होगी तो भविष्य में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मुखिया ने कहा कि निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग वरीय अधिकारियों से करेंगे। बता दे कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक है।

वर्ग एक से 10 तक की पढ़ाई उक्त विद्यालय में होती है व करीब एक हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है। विद्यार्थियों के संख्या अनुपात में कमरे की कमी होने की बात लगातार सामने आने के बाद पूर्व के डीसी अबु इमरान के पहल पर उक्त विद्यालय में भवन निर्माण कार्य हो रहा है। निरीक्षण के क्रम में युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, राजेश उरांव, अशोक प्रजापति, प्रदीप प्रजापति समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक व सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

## एसपी के निर्देश पर चंदवा में चला वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस के द्वारा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष गुरुवार की दोपहर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों की संख्या में दो पहिया वाहन चालकों से वाहनों के कागजात, इंसुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस व हेलमेट आदि की जांच की गई। जांच के क्रम में दर्जनों वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया। पकड़े गए वाहनों की सूची अग्रतर कार्रवाई को लेकर परिवहन विभाग के पास अग्रसारित कर दिया गया है। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटना के मद्देनजर सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें ताकि सड़क दुर्घटना में ज्यादा क्षति नही उठानी पड़े। अभियान में चंदवा थाना के एएसआई बहादुर महतो समेत जवान शामिल थे।

## कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट् एसो. जिला कमिटी ने औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला कमिटी लातेहार के द्वारा जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता एवं जिला सचिव विजय कुमार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक लातेहार के कार्यालय में कैलाश मुंडा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर झारखंड कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (जेसीडीए) के द्वारा नियुक्त लातेहार जिला कमिटी की जानकारी हेतू नियुक्ति पत्र की कापी निरीक्षक महोदय को सौपी गई। इस दौरान केमिस्टस (दवा दुकानदार) के हित समेत कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार के घोषणा के अनुसार आप सभी हर पंचायत में एक दुकान खोलने के विषय में पढ़े लिखे लोगों को जानकारी दिजिए ताकि जल्द से जल्द दवा दुकान खोल सके। इसके लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत के मुखिया से अनुशंसा कराकर लातेहार कार्यालय को सुपुर्द करें। इस दौरान औषधि निरीक्षक कैलास मुंडा एवं आफिस लिपिक उमेश कुमार गुप्ता को शॉल और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष उमाशंकर चैतन्य, राजिव कुमार, रमेश कुमार गुप्ता राजेन्द्र प्रसाद, संतोष चंद्र गोस्वामी, आनंद कुमार, बजरंग प्रसाद, शेर मोहम्मद, अशोक कुमार प्रदीप साव, बलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।



औषधि निरीक्षक से मुलाकात करते एसो. के लोग

## एक नजर में

### गरीबों, मजदूरों और बेसहारा लोगों की आवाज है सीएम हेमंत सोरेन: अफजल अंसारी

**बरवाडीह।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पूरे बरवाडीह प्रखण्ड में युद्धस्तर पर सदस्यता अभियान चला रही है। प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी के नेतृत्व में प्रत्येक पंचायत क्षेत्र ने बारी- बारी से बैठक कर सदस्यता अभियान की मुहिम चलाई जा रही है। गुरुवार को प्रखण्ड के कुचिला पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां लोगों को रसीद काटकर जेएमएम की सदस्यता दिलाई गई। बड़ी संख्या में दूसरी पार्टी से लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति सदस्य घनश्याम राम को जेएमएम का उकामाड़ पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव कुंती देवी, उपाध्यक्ष आशा देवी और मानकी सिंह के साथ-साथ सदस्यों में रुपंती देवी, फलींदा देवी और विकास कुमार राम के साथ दो दर्जन से अधिक लोग जेएमएम में शामिल हुए। अफजल अंसारी ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान जेएमएम के प्रति उत्साह लोगों में देखने को मिल रहा है। गरीबों मजदूरों बेसहारा लोगों की आवाज हेमंत सोरेन ने गांव के गरीब और प्रदेश का विकास जिस गति से किया है। इससे प्रेरित होकर लोग बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहें है। मौके पर प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



सदस्यता अभियान चलाते जेएमएम अध्यक्ष

### झामुमों ने भाजपा की केंद्र व मणिपुर की राज्य सरकार का किया पुतला दहन

लातेहार। झामुमों कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को समाहरणालय गेट के समीप जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार झामुमों कार्यकर्ताओ ने भाजपा की केंद्र सरकार व मणिपुर की राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा की सरकार को मुर्दाबाद का नारा लगाया एवं आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार करना बंद करों जैसे कई नारे लगा रहे थे। वहीं झामुमों कार्यकर्ताओं ने कहा कि मणिपुर राज्य की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में फैलने के बाद तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय के स्वत: संज्ञान लेने के बाद जागी केंद्र तथा मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार महिलाओं के चीरहरण, उसकी स्मिता से हुए खिलवाड़ के विरोध में सिर्फ चंद पंक्तियाँ ही कह पाई। केंद्र एवं राज्य में सत्ता में रहने के बाद भी उक्त महिलाओं के प्रति हुए अन्याय की जानकारी 77 दिन बाद प्राप्त होना, उनके महिलाओं के प्रति सोच को दशार्ता है। 77 दिन बाद भी दोषियों पर कार्रवाई के जगह सिर्फ दो पंक्तिया बोल देना, भाजपा के चाल एवं चरित्र को उजागर करता है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दूबे, सचिव शमशूल होदा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, अशोक कुमार, सुरेश गुंझू, वारिश अंसारी आदि।

# शोभा की वस्तु बनकर रह जायेगी नल जल योजना : अजय

## छिपादोहर में निर्धारित गहराई से भी कम की जा रही है बोरिंग : छोटू राजा

ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नल जल योजना के कार्य का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए बरवाडीह प्रखण्ड में हर घर-नल जल योजना पर कार्य चल रहा है। लेकिन नल जल योजना के शुरूआती दौर में ही भारी गड़बड़ी की शिकायत सामने आने लगी है। संवेदक द्वारा प्रखंड में अधिकांश जगह पर 200 एवं 300 फीट की जगह मात्र 100 व 150 फीट बोरिंग की खुदाई कर छोड़ दिया जा रहा है। खबर मंत्र ने पिछले दिनों छैंचा पंचायत में संवेदक द्वारा की जा रही गड़बड़ी की न्यूज प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बावजूद सरकार के जिम्मेवार अधिकारियों के कानो में जूं तक नहीं रेंगी। यही कारण है कि ठेकेदार की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला प्रखण्ड के छिपादोहर पंचायत के बरवही टोला से सामने आया है। जहां ठेकेदार ने बरवही टोला में महज 40 फिट बोरिंग करके छोड़ दिया हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा और सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बरवही टोला पहुंच स्थानीय लोगों से मुलाकात की। जहां ग्रामीणों ने बताया कि कुचिला निवासी सह कांग्रेस नेता नजाम अंसारी के कहने पर सीठीयाटांड़ विद्यालय के पारा शिक्षक शमसूदीन अंसारी ने कार्य स्थल पर पहुंचकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए बोरिंग को रोक दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के जेई को मामले की जानकारी दी पर जेई ने भी वहां बोरिंग करने से मना कर दिया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नल जल योजना में सरकार के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा हैं।

छिपादोहर पंचायत में कहीं भी तय मानक के अनुसार न कार्य हो रहा है, और न ही बोरिंग की जा रही है। उन्होंने जिला के उपायुक्त से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी पदाधिकारी और संवेदक पर नियमसंगत कारवाई करने की मांग की है।



संवेदक ने 40 फिट बोरिंग करके छोड़ दिया

